**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**
**(पंचायती राज)**

Email: rajpr.dsalegal@rajasthan.gov.in

एफ.15(20)पंरावि/विधि/वि0ग्रा0सभा/2026/ई–81146 जयपुर, दिनांकः–

1. मुख्य/अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   जिला परिषद, समस्त (राजस्थान)।
2. विकास अधिकारी,
   पंचायत समिति, समस्त (राजस्थन)।

**विषयः–दिनांक 26 मई, 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन बाबत।**
संदर्भः–विभागीय राजकाज पत्रांक 22301595 दिनांक 19.05.2026 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत आयुक्त, कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जयपुर द्वारा उनके पत्र कमांक 943–47 दिनांक 23.05.2026 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा अवगत कराया है कि दिनांक 26 मई, 2026 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में नागरिकों को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करावें :–

**1. <u>ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) 2026 के बारे में जानकारीः–</u>**

राज्य सरकार द्वारा दिनांक 23 से 25 मई, 2026 के दौरान ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। GRAM–2026 को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं तथा देश–विदेश से कृषि विशेषज्ञों, एग्रीटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स, वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों की भागीदारी प्रस्तावित थी। इस बहु प्रतीक्षित आयोजन में प्रदेशभर से लगभग 1.25 लाख किसानों ने नामांकन भी कराया। साथ ही इसके अंतर्गत नई दिल्ली, बैंगलूरू, हैदराबाद एवं अहमदाबाद में रोड शो एवं इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गयी।

तीन दिन तक चलने वाले इस कृषक महाकुंभ में हजारों वाहनों का आवागमन होता इस संबंध में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में माननीय प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा ईंधन बचत हेतु निर्देश जारी किये जाने पर ग्राम 2026 के आयोजन को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है तथा शीघ्र ही ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) आयोजित किया जायेगा। राज्य सरकार किसानों तक आधुनिक तकनीक, नवाचार एवं बाजार आधारित कृषि प्रणाली पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

ग्राम सभा में पधारने वाले सभी नागरिकों को ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) के राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही आयोजित किये जाने की मंशा से अवगत कराते हुये इस आयोजन की विशेषताएँ बतावें : –

- उक्त आयोजन कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और बाजार से सीधे जुड़ाव का एक सशक्त मंच बनेगा।
- इस मंच के माध्यम से किसानों को ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन फार्मिंग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों और नवाचारों की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bharat Bhushan Goyal
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.05.23 19:24:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22416996
M e-Sign

- आयोजन के दौरान कृषि वैज्ञानिकों, स्टार्टअप्स, उद्यमियों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक आधारित बनाने की रणनीतियों पर मंथन किया जायेगा।
- इस आयोजन में B2B और B2G बैठक निवेश, मार्केटिंग और नई परियोजनाओं के लिए एवं किसान गोष्ठियों के माध्यम से किसान विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान के लिए आयोजित किए जायेंगे।
- लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर किसानों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जायेगा।
- मुख्य कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रदर्शनी स्टाफ, मशीनरी प्रदर्शनी, स्मार्ट फॉर्म, पशु प्रदर्शनी, आदि के द्वारा कृषि एवं पशुपालन संबंधी उन्नत तकनीकी का प्रदर्शन प्रस्तावित है।

2. <u>ग्रामोत्थान शिविरों/ग्राम रथ यात्रा की प्रगति की जानकारी देने बाबत्:</u>

राज्य एवं आपके जिले में अब तक आयोजित ग्राम रथ यात्रा का विवरण, जिसमें कितनी ग्राम पंचायतें कवर की गईं, प्रमुख गतिविधियाँ, जन भागीदारी तथा प्राप्त उपलब्धियाँ का विवरण ग्राम सभा में पधारें सभी नागरिकों को दिया जावें। ग्राम उत्थान शिविर अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के समस्त 2770 गिरदावर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें 31.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया । इन शिविरों में राज्य सरकार के 13 विभागों कृषि, उद्यान, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास, पंचायत राज तथा राजस्व विभाग द्वारा भाग लिया गया एवं कृषकों व पशुपालकों को इन विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं आवेदन तैयार करवाए गए तथा मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविरों की प्रगति का विभागवार विवरण संलग्न है।

**अतः कृषि आयुक्तालय, जयपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 23.05.2026 की छायाप्रति संलग्न भेजकर निवेदन है कि आपके जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दिनांक 26 मई, 2026 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा के एजेण्डें में उक्त बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए, नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।**

**दिनांक 26 मई, 2026 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में विकास अधिकारी/अतिरिक्त विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी/पंचायत समिति स्तर के अन्य अधिकारी/जिला स्तर के अधिकारी इन ग्राम सभाओं में आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे तथा ग्राम सभाओं का प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक ग्राम सभा में जिला स्तर/पंचायत समिति स्तर का कोई अधिकारी उपस्थित रहें।**

**संलग्नः— उपरोक्तानुसार।**

**(भारत भूषण गोयल)**
**उपायुक्त एवं**
**उप शासन सचिव (प्रथम)**

**प्रतिलिपि :— निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, पंचायती राज विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जयपुर को उनके पत्र क्रमांक 943—47 दिनांक 23.05.2026 के क्रम में।
4. जिला कलक्टर, समस्त।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bharat Bhushan Goyal
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.05.23 19:24:16 IST
Reason: Approved

**RajKaj Ref No.: 22416996**
M e-Sign

5. संयुक्त शासन सचिव, जिला आयोजना, मुख्यालय।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मुख्यालय।
7. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), मुख्यालय।

**RajKaj Ref No.: 22416996**

M e-Sign

Signature Not Verified

Digitally signed by Bharat Bhushan Goyal
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.05.23 19:24:16 IST
Reason: Approved

# राजस्थान सरकार
# कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जयपुर

E-mail: cag.agri@rajasthan.gov.in

क्रमांकः प.05 ( )आ.कृ. / कृ.सू. / प्र.अ. / ग्राम 2026 / 2025–26 943-47 दिनांकः 23.05.2026

**उपायुक्त एवं उप शासन सचिव (प्रथम),**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।**

**विषयः— 26 मई 2026 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा हेतु कृषि विभाग की गतिविधियों के बारे में नागरिकों को अवगत कराने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 26 मई 2026 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में नागरिकों को निम्नांकित जानकारी प्रदान करने का कष्ट करें –

**1. <u>ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) 2026 के बारे में जानकारीः–</u>**

राज्य सरकार द्वारा 23 से 25 मई 2026 के दौरान ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। GRAM–2026 को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं तथा देश–विदेश से कृषि विशेषज्ञों, एग्रीटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स, वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों की भागीदारी प्रस्तावित थी। इस बहु प्रतीक्षित आयोजन में प्रदेशभर से लगभग 1.25 लाख किसानों ने नामांकन भी कराया। साथ ही इसके अंतर्गत नई दिल्ली, बैंगलूरू, हैदराबाद एवं अहमदाबाद में रोड शो एवं इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गयी।

तीन दिन तक चलने वाले इस कृषक महाकुंभ में हजारों वाहनों का आवागमन होता इस संबंध में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में माननीय प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा ईंधन बचत हेतु निर्देश जारी किये जाने पर ग्राम 2026 के आयोजन को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है तथा शीघ्र ही ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) आयोजित किया जायेगा। राज्य सरकार किसानों तक आधुनिक तकनीक, नवाचार एवं बाजार आधारित कृषि प्रणाली पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

कृपया ग्राम सभा में पधारने वाले सभी नागरिकों को ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रोटैक मीट) के राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही आयोजित किये जाने की मंशा से अवगत कराते हुये इस आयोजन की विशेषताएँ बताने का कष्ट करें –

- उक्त आयोजन कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और बाजार से सीधे जुड़ाव का एक सशक्त मंच बनेगा।
- इस मंच के माध्यम से किसानों को ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन फार्मिंग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों और नवाचारों की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।
- आयोजन के दौरान कृषि वैज्ञानिकों, स्टार्टअप्स, उद्यमियों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक आधारित बनाने की रणनीतियों पर मंथन किया जायेगा।

- इस आयोजन में B2B और B2G बैठक निवेश, मार्केटिंग और नई परियोजनाओं के लिए एवं किसान गोष्ठियों के माध्यम से किसान विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान के लिए आयोजित किए जायेंगे।
- लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर किसानों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जायेगा।
- मुख्य कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रदर्शनी स्टाफ, मशीनरी प्रदर्शनी, स्मार्ट फॉर्म, पशु प्रदर्शनी, आदि के द्वारा कृषि एवं पशुपालन संबंधी उन्नत तकनीकी का प्रदर्शन प्रस्तावित है।

2. **<u>ग्रामोत्थान शिविरों/ग्राम रथ यात्रा की प्रगति की जानकारी देने बाबत्:</u>**

राज्य एवं आपके जिले में अब तक आयोजित ग्राम रथ यात्रा का विवरण, जिसमें कितनी ग्राम पंचायतें कवर की गईं, प्रमुख गतिविधियाँ, जन भागीदारी तथा प्राप्त उपलब्धियाँ का विवरण ग्राम सभा में पधारें सभी नागरिकों को दिये जाने का कष्ट करें। ग्राम उत्थान शिविर अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के समस्त 2770 गिरदावर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें 31.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया । इन शिविरों में राज्य सरकार के 13 विभागों कृषि, उद्यान, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास, पंचायत राज तथा राजस्व विभाग द्वारा भाग लिया गया एवं कृषकों व पशुपालकों को इन विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं आवेदन तैयार करवाए गए तथा मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविरों की प्रगति का विभागवार विवरण संलग्न है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

**(नरेश कुमार गोयल)**
**आयुक्त कृषि**

क्रमांकः प.05 ( )आ.कृ./कृ.सू./प्र.अ./ग्राम 2026/2025–26 943-47 दिनांकः 23.05.2026

**प्रतिलिपि :— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. संयुक्त सचिव (जेवी), माननीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय कृषि मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायती राज (कृषि), शासन सचिवालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, पंचायती राज विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।

**आयुक्त कृषि**